# अंचल कार्यालय महेशपुर।

**राजस्व विविध वाद अभिलेख संख्या–15/16–17**

**(बिहार भूमि सुधार अधिनियम 1950(झारखण्ड में अंगीकृत) धारा–4(H)के अन्तर्गत)**

| आदेश की तिथि | पदाधिकारी का आदेश | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| | **–: आदेश :–**<br><br>इस वाद की कार्यवाही मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 04/स0भू0 (दिशा निर्देश)–95/2016, 2074/रा0 राजस्व, निबंधन एंव भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार दिनांक 13.05.2016 के आलोक में अपर समाहर्त्ता पाकुड़ के आदेश ज्ञापांक 479/रा0 दिनांक 14.05.2016 से अनाबादी खातान्तर्गत गैर मजरूआ आम/खास भूमि की संदेहास्पद कायम जमाबंदी की जॉच संदर्भित प्राप्त निदेश के आलोक में मौजा भतण्डा थाना संख्या–301 अनाबादी खाता संख्या–259 दाग संख्या–54 रकबा–05 बीधा 17 कट्ठा 19 धूर किस्म–पुष्करणी राजस्व पंजी–।। के होल्डिंग संख्या–IV/61 में गायत्रीवाला दासी ग्राम–भतण्डा के नाम से बिना आधार साक्ष्य प्रविष्टि के कायम जमाबंदी विलोपन हेतु प्रारम्भ किया गया है। संबंधित राजस्व उपनिरीक्षक एंव अंचल निरीक्षक महेशपुर के द्वारा राजस्व दस्तावेज एंव स्थलीय जॉचोपरान्त अनुशंसित जॉच प्रतिवेदन समर्पित कर प्रतिवेदित किया गया है कि मौजा भतण्डा थाना संख्या–301 अनाबादी खाता संख्या–259 दाग संख्या–54 रकबा–05 बीधा 17 कट्ठा 19 धूर विगत सर्वे खतियान में किस्म–पोखर कहकर दर्ज है। संबंधित राजस्व उपनिरीक्षक एंव अंचल निरीक्षक महेशपुर के द्वारा स्पष्ट प्रतिवेदित किया गया है कि बिना आधार प्रविष्टि एंव साक्ष्य दस्तावेज के राजस्व पंजी–।। में जमाबंदी फर्जी तरिके से जमाबंदी कायम की गई है, जो भूमि सुधार के उदेश्यों को विफल करने हेतु सरकारी भूमि को हड़पने कब्जा करने का प्रयास है। संबंधित जमाबंदी रैयत को इस कार्यालय के ज्ञापांक–413/रा0 दिनांक–02.07.2016 से अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज समर्पित करने हेतु दिए गए निदेश के आलोक में जमाबंदी रैयत के द्वारा अपने दावे के पक्ष में तत्कालीन जमींदार द्वारा कथित रूप से निर्गत बन्दोबस्ती हुक्मनामा एंव राजस्व भू–लगान रसीद की छायाप्रति समर्पित किया गया है। भू–लगान काफी बाद के वर्षो का है एंव अनिबंधित हुक्मनामा की विश्वसनीयता पूर्णतः संदेहास्पद है। अतः समर्पित जॉच प्रतिवेदन आलोक में मौजा भतण्डा थाना संख्या–301 अनाबादी खाता संख्या–259 दाग संख्या–54 रकबा–05 बीधा 17 कट्ठा 19 धूर किस्म–पोखर की राजस्व पंजी–।। के होल्डिंग संख्या IV/61 में गायत्रीवाला दासी ग्राम–भतण्डा अंचल महेशपुर के नाम कायम जमाबंदी विलोपन की अनुशंसा की जाती है। स्वीकृत्यादेश हेतु अभिलेख भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, पाकुड़ को भेजें।<br><br>लेखापित एंव संशोधित<br>01/06/21<br>अंचल अधिकारी<br>महेशपुर<br><br>01/06/21<br>अंचल अधिकारी<br>महेशपुर | |

Digitally signed by [illegible]ESH JAISWAL
Date: 2021.08.05 16:40:04 +05:30
Location: 2001:0:348b:fb58:3002:3d33:3f57:fffb

Scanned with CamScanner